आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 07.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में सीबीआई की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भेंटकर राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की।
- एचएमपीवी के संक्रमण को लेकर उत्तराखंड सरकार ने सभी चिकित्सा संस्थानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।
- प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए "सी" ग्रेड माल्टा और पहाड़ी नींबू का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया।

भारतपोल पोर्टल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के सभी अनुरोधों के मामलों में कार्रवाई को सरल बनाएगा। इसमें इंटरपोल की ओर से जारी रेड और अन्य रंगों के कोड वाले नोटिस से संबंधित मामले शामिल हैं। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि 'यह हमारे देश की अंतर्राष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी।

मुख्यमंत्री / मांडविया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट कर राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। साथ प्रदेश में खेल अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने के लिए संचालित कार्यों के विषय में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान श्री धामी ने अल्मोड़ा जिले के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं के निर्माण और प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एक बहुद्देशीय स्पोर्ट्स हॉल की स्थापना के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने का केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने चम्पावत में महिला स्पोर्टस कॉलेज की भूमि पर इंडोर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग वॉल के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता का विषय भी रखा।

इसके अलावा श्री धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज परिसर में स्थित आईस स्केटिंग रिंग के संचालन के लिए पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव पर स्वीकृति देने और नई टिहरी स्थित शिवपुरी में संचालित साहसिक प्रशिक्षण केन्द्र के उच्चीकरण के लिए भी धनराशि स्वीकृति करने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री के सभी आग्रह पर केंद्रीय मंत्री ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उत्तराखंड प्रवासी सम्मेलन

देश और विदेश में बसे उत्तराखंड के प्रवासियों में अपने पैतृक गांवों के प्रति जुड़ाव और विकास की भावना को देखते हुए राज्य सरकार ने एक सराहनीय पहल की है। प्रवासियों द्वारा गांवों को गोद लेने की बढ़ती रुचि के मद्देनज़र मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को इस योजना को सफल बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने हर जिले में प्रवासियों के साथ समन्वय स्थापित करने और योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक–एक नोडल अधिकारी नामित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवासियों द्वारा गोद लिए गए गांवों में जिस भी क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा व्यक्त की जाए, उसमें किसी प्रकार की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। प्रवासियों को उनकी रुचि के अनुसार सभी आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्य में प्रशासन पूरे सहयोग की भावना से कार्य करे। उन्होंने जिलाधिकारियों को प्रवासियों को तकनीकी सहायता और अन्य आवश्यक सहयोग समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिलों को अपने प्रवासियों का एक डाटाबेस तैयार करने को कहा। ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी, ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्रामीणों को भी इस योजना में जोड़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि गांवों का विकास सामूहिक प्रयास से हो सके।

न्यायाधीश नियुक्ति

केंद्र ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय में न्यायाधीश की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायिक अधिकारी आशीष नैथानी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। पिछले साल 22 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारी नैथानी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

स्वास्थ्य परामर्श

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी के फैलने की चिंताओं और देश में इसके संक्रमण के मामले मिलने के बीच, उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने परामर्श जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सा संस्थानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। राज्य भर में अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये गये हैं। चिकित्सा संस्थानों को संदिग्ध मामलों के लिए पर्याप्त साधन, जैसे एन–95 मास्क और जांच सामग्री, तैयार रखने को कहा गया है। साथ ही, मरीजों का डेटा नियमित रूप से एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म– आई.एच.आई.पी पर दर्ज करने के निर्देश दिए गये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को संक्रमण के खतरे से बचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की बात कही है। लोगों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करें। राज्य में ह्यूमन मेटाप्नूमो वायरस की अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढकने आने साबुन और पानी से हाथ धोने को कहा है। संक्रमण के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

माल्टा एसएसपी

प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए "सी" ग्रेड माल्टा और पहाड़ी नींबू यानी गलगल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है। "सी" ग्रेड माल्टा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 10 रुपए प्रति किलो और पहाड़ी नींबू का न्यूनतम समर्थन मूल्य सात रुपए प्रति किलो तय किया गया है। इस संबंध में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पत्रावली में अनुमोदन कर दिया है और शीघ्र ही न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का आदेश जारी किया जाएगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि और औद्यानिकी का समग्र विकास करते हुए कास्तकारों की आय में गुणात्मक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है।

पोलिंग पार्टी चमोली

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए आगामी 23 जनवरी को होने वाले मतदान की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में चमोली जिले की चार नगर पालिका परिषद और छह नगर पंचायतों में मतदान को संपन्न कराने के लिए जिला क्रीड़ा मैदान गोपेश्वर से 22 जनवरी को 80 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने आदेश जारी किए हैं। 23 जनवरी को मतदान की समाप्ति के बाद सभी पोलिंग पार्टियों को उसी दिन मत पेटियां और निर्वाचन सामग्री को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में बनाए गए संग्रह केंद्र में जमा कराना होगा।

<u>हेल्थ एटीएम</u>

केदारनाथ यात्रा में पिछले दो वर्ष से हेल्थ एटीएम से तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है, लेकिन क्षमता के अनुसार कुछ जांचें नहीं हो पा रही हैं। गत वर्ष भी यात्राकाल के दौरान कई स्थानों पर इन हेल्थ एटीएम से हिमोग्लोबिन सहित अन्य कुछ जांचों की सही माप नहीं आने की बात सामने आई थीं। वहीं, रुद्रप्रयाग जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गुप्तकाशी, नारायणकोटी, फाटा, सोनप्रयाग और केदारनाथ में हेल्थ एटीएम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा से पहले तकनीकी टीम के सहयोग से सभी हेल्थ एटीएम को दुरुस्त कर दिया जाएगा।